मुसलमानों से राय मशविरा करके पास किया गया वक्फ बिल

# हम जिन्हें वोट दे रहे हैं वही गाय को कटवा रहे हैं: अविमुक्तेश्वरानंद

## दो दिवसीय प्रवास पर सतना पहुंचे द्वारिका पीठ के शंकराचार्य ने मीडिया से की बात



**सतना।** द्वारिका पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद महाराज सोमवार को सतना जिले में अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान अलग-अलग कार्यक्रम में शामिल हुए। उसके बाद शहर के मास्टर प्लान कॉलोनी पहुंचे। जहां पर उनका परंपरांपरिक स्वागत सत्कार किया गया। शंकराचार्य इस दौरान मीडिया से बातचीत की। उन्होंने गौ-संसद,वक्फ बिल,मुक्त गंगा,हिंदू राष्ट्र जैसे संवेदनशील मुद्दों के अलावा मौजूदा सरकार पर बड़ी बेबाकी से अपनी बात रखी। अपने तल्ख तेवर के लिए मशहूर शंकराचार्य ने कहा कि हमें राजनीति नहीं करनी है... हमें भारतीय राजनीति को परिष्कृत करना है...भारत की राजनीति भारतीय संस्कृति से विमुख हो रही है..जब-जब भारत की राजनीति भारतीय संस्कृति से विमुख हुई है साधु संत और धर्माचार्य सामने आकर राजनीति को परिष्कृत किया है..हम पूरे देश में गौ-संसद का निर्माण कर रहे हैं,भारत में गौ माता सुरक्षित नहीं है। हम जिन्हें वोट दे रहे हैं वहीं जनप्रतिनिधि और सरकारे गाय को कटवा रही है,हमने हर पार्टी के ऑफिस जाकर गौ रक्षा के लिए जवाब मांगा लेकिन जवाब नहीं मिला,सत्ताधारी वर्तमान पार्टी ने तो बैरिकेट लगाकर हमें ऑफिस तक में आने नहीं दिया, अब वक्त आ गया है कि हम उन्हीं को वोट दें जो नेता और सरकार हमारी गौ माता को सुरक्षित रख सके,गौ संसद हमारा होगा,गौ विधायक हमारा होगा,गौ मेयर और गौ पार्षद के अलावा हर वह जन प्रतिनिधि जो चुनकर आएगा वह हमारा होगा,जो सदन में जाकर गौ माता की रक्षा के लिए न सिर्फ आवाज उठाएगा बल्कि गौ हत्या के खिलाफ कानून को कड़ाई से पालन भी कराएगा,पवित्र नदी मां गंगा को बांधा जा रहा है हमारे पूर्वजों ने कभी गंगा का रास्ता नहीं रोका अब हो रहा है,भारतीय संस्कृति की विरुद्ध समलैंगिकता अपराधी था लेकिन अब अपराध नहीं है,यहां तक की पत्नी भी पर पुरुष के साथ जाती है तो अपराध नहीं माना जा रहा है,भारत हमेशा से हिंदू राष्ट्र हो रहा है,वर्तमान में भी हिंदू बहुमत में है,लेकिन संवैधानिक रूप से हिंदू राष्ट्र घोषित करने के नाम पर सत्ताधारी सरकार हिन्दुओं के साथ छलावा कर रही है,हिन्दू राष्ट्र घोषित करना सरकार का जुमला है,मुसलमानो से राय मशवरा करके पास किया गया वक्फ बिल से अभी तक कोई भी वक्फ संपति न सरकारी हुई है और न ही हिंदुओं के पास आई है,अभी तक तो ऐसा नहीं हो सका है,सारे देश की और पत्रकारों की नजर इस ओर है,वक्फ बिल मुसलमानों के लिए सौगातें मोदी है,हर हिंदू को कट्टर होना पड़ेगा तभी देश हिन्दू राष्ट्र बनेगा और देश से गौ हत्या बंद होगी।

## खबर संक्षेप

### पेयजल की समीक्षा बैठक आज

**सतना।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि पेयजल के संकट को देखते हुए विभागीय समीक्षा बैठक 22 अप्रैल को प्रातः 11.30 बजे जिला पंचायत के द्वितीय तल पर आयोजित की जायेगी। आयुक्त नगर निगम,कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महाप्रबंधक जल निगम,मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर परिषद चित्रकूट एवं नगर पंचायत सहित विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### विधायक ने ली कृषि विकास की जानकारी

**मैहर।** मध्यप्रदेश विधानसभा की कृषि विकास समिति का पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत अध्ययन दौरे के दौरान मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम केंद्रीय वीज संग्रहण केंद्र भोपाल के कार्यालय पहुंचकर दिलीप सिंह परिहार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी भी सम्मिलित हुए एवं विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेते हुए केंद्रीय वीर्य संग्रहण केंद्र का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर कृषि विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह परिहार, विधायक उमाकांत शर्मा,समिति सदस्य विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं नरेन्द्र प्रजापति एवं अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना साइकिल रैली का आयोजन

**सतना।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राज पिता के आदेशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रक्तदान शिवर का आयोजन गुरुवार,दिनांक,24 अप्रैल 2025 को प्रातः 9:00 बजे से संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना में किया जाएगा। अतः इसी दिवस पर स्थानीय निरंकारी भक्त गण संत एवं गणमान्य नागरिक प्रातः 9:00 से रक्तदान करेंगे। इससे पूर्व रक्तदान करने की प्रेरणा हेतु रविवार दिनांक,20अप्रैल 2025 शाम 5 बजे साइकिल रैली का आयोजन किया गया, रेली की शुरुआत संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना से किया गया। उक्त रैली संत निरंकारी सत्संग भवन सरस्वती स्कूल चौराहा से शुरू होकर सिमरिया चौक,सर्किट हाउस,सिविल लाइन,राजेंद्र नगर,धवारी चौराहा,सिटी कोतवाली चौक,जयस्तंभ चौक,सुभाष चौक,गांधी चौक,हनुमान चौक, अस्पताल चौक,से संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर में संपन्न हुई। संत निरंकारी मंडल ब्रांच सतना के संयोजक महात्मा डॉ जगदीश सेवानी ने समस्त शहर वासियों को सपरिवार सादर आमंत्रित करते हुए विनम्र निवेदन किया है कि इस जन कल्याणकारी कार्य में अपना योगदान कर इस रक्तदान शिविर को सफल बनाये एवं सतगुरु माता जी के आशीवादों के पात्र बने।

# प्रभारी मंत्री 24 को सतना में प्रबुद्धजनों व उद्योगपतियों से करेंगें संवाद



## जिलास्तरीय संगोष्ठी में भी होंगे शामिल

**सतना।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री आगामी 24 अप्रैल को सतना आ रहे हैं। वे डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जन्मजयंती के अवसर पर आयोजित जिलास्तरीय संगोष्ठी में शामिल होंगे। जिले के प्रभारी मंत्री इस सम्मेलन में शामिल होने के अलावा कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक व पार्टी कार्यालय में नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों की बैठक में भी शामिल होंगे। इससे पहले शहर के प्रबुद्धजनों व उद्योगपतियों के साथ प्रभारी मंत्री संवाद करेगें। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्यामलाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि प्रभारी मंत्री 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे जबलपुर से सड़क मार्ग से सतना आयेंगे। प्रभारी मंत्री सतना दौरे की तैयारी को लेकर सोमवार को पार्टी कार्यालय भरहुत नगर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी मुख्यवक्ता के रूप में शामिल हुई। तैयारी बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि किसी भी सम्मेलन की सफलता के पीछे तैयारी और कार्यकर्ताओं की मेहनत का हाथ होता है। उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर के प्रति लोगो में फैली भ्रान्तियों को दूर करना पार्टी की मंशॉ है। भाजपा जिलाध्यक्ष पं.भगवती प्रसाद पाण्डेय ने प्रभारी मंत्री के आगमन व उनके कार्यक्रमो की जानकारी दी और कार्यक्रम को कैसे सफल बनाया जाए इसमे अपना सुझाव दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के जयंती 14अप्रैल से 25 अप्रैल तक होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला मे 24 अप्रैल को अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा एक बुद्विजीवी सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है जिसके पूर्व जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ नेताओं द्वारा पांच-पांच कार्यकर्ताओं के समूह में जिले भर में डॉ भीमराव आंबेडकर के योगदान के बारे मे जागरूकता कार्यक्रम करेंगे तथा कांग्रेस शासन काल में हुई अंबेडकर जी की उपेक्षा के बारे मे जनता को बताएंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री ऋषभ सिंह,जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल मंचासीन रहे।

# न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण को लेकर सीटू ने श्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**सतना।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) समिति ने श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश सरकार के नाम जनवरी 2025 में अधिसूचित तीन नए नियोजनों में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण (नवंबर 2019 के आधार पर,अक्टूबर 2024 तक) लागू किया जाने को लेकर सहायक श्रमायुक्त कार्यालय को सीटू जिला संयोजक वीरेंद्र सिंह रावल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) ने मांग की है कि लाखों श्रमिकों और कर्मियों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर श्रम विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग करती है। इस संबंध में निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया जाता है। एरियर्स के भुगतान में देरी की स्थिति में शिकायत दर्ज करने हेतु प्रभावी तंत्र स्थापित किया जाए। इसके लिए श्रम विभाग के मैदानी अमले हेतु विशेष परिपत्र जारी हो,जिसकी प्रति सभी केंद्रीय श्रमिक संगठनों को उपलब्ध कराई जाए।जनवरी 2025में अधिसूचित तीन नए नियोजनों में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण (नवंबर 2019 के आधार पर,अक्टूबर 2024 तक) लागू किया जाए। टेक्सटाइल सहित पुराने अधिसूचित नियोजनों में भी विधिसम्मत भुगतान सुनिश्चित करने हेतु तत्काल कदम उठाए जाएं।नवंबर 2019 से मार्च 2024 तक के एरियर्स भुगतान के लिए तुरंत प्रक्रिया शुरू की जाए,क्योंकि यह न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण नवंबर 2019 से देय था।अक्टूबर 2024 में पूर्व पुनरीक्षण की पांच वर्ष की अवधि पूर्ण हो चुकी है। अतः नए पुनरीक्षण की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। यह भी सुनिश्चित हो कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने पर भुगतान उसी तारीख से लागू हो,जिस तारीख से पुनरीक्षण की अवधि शुरू होती है।सीटू का मानना है कि श्रम विभाग द्वारा इन मांगों पर त्वरित कार्रवाई से लाखों श्रमिकों को उनके वैधानिक हक,जैसे एरियर्स और उचित वेतन,प्राप्त होंगे। यदि ये मांगें पूरी नहीं हुईं,तो श्रमिकों में बढ़ता असंतोष औद्योगिक शांति के लिए खतरा बन सकता है,जिसकी जिम्मेदारी नियोजक वर्ग और श्रम विभाग की होगी।मध्यप्रदेश राज्य समिति,सीटू,श्रमिक हितों की रक्षा हेतु श्रम विभाग से तत्काल और प्रभावी कदम उठाने का आह्वान करती है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से एमपीएमएसआरयू के राज्य अध्यक्ष संजय सिंह तोमर,सीटू राज्य कार्यकारिणी सदस्य तेज प्रताप दुबे,सतना इकाई के अध्यक्ष राकेश सिंह परिहार,सचिव जितेंद्र मिश्रा,सहसचिव विवेक यादव,कार्यकारणी सदस्य रणबीर सिंह,विनय निगम,अखिलेश सैनी,जितेंद्र पांडे,आदि साथी सम्मिलित हुए।

# जिले में आग उगल रहा सूरज, अधिकतम तापमान 43. 6 डिग्री पहुंचा



**सतना।** सूरज आग उगल रहा है।पछुआ और सूरज की तल्खी के चलते लू जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे में मौसम विभाग ने यह बताया है कि फिलहाल सूरज के तेवर कम होने के कोई आसार नहीं नजर आ रहे हैं। लू का कहर जारी रहेगा।सोमवार को अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होती जा रही है मौसम विभाग से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले सोमवार को अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री,मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री, बुधवार को अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री,गुरुवार को अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री,शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार शनिवार को अधिकतम तापमान 40.3,रविवार को अधिकतम तापमान 42.00 और सोमवार को अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

## दोपहर के वक्त सूनी होने लगी सड़कें

दोपहर के वक्त सब सड़कें सूनी होने लगी हैं। बहुत जरूरी होने पर ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। मजबूरी में घर से बाहर निकलने के पहले लोग अपने आप को कपड़ों से ढक रहे हैं। गर्मी भगाने और शरीर में ठंडक पहुंचाने के लिए लोग फलों के रसों का आनंद ले रहे हैं। इस दौरान गाने का जूस और शिकंजी की दुकानों पर ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। रात के वक्त आइसक्रीम की दुकानों में भी जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है।

# मैहर मंदिर में मनमानी पर उतारू है रोपवे संचालन एजेंसी

## दामोदर रोपवे की कई अनियमिततायें उजागर हुईं



**मैहर।** मैहर स्थित मां शारदा प्रबंधक समिति के द्वारा नियमों की शर्त पर रोपवे लगाने का आदेश दिया गया था जिससे मंदिर समिति को लाभ मिले किंतु रोपवे प्रबंधक के द्वारा नियमों का पालन नहीं करते हुए समिति को चूना लगाया जा रहा है। इस संबंध को लेकर शिकायतकर्ता तारकेश्वर तिवारी ने उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष रिट याचिका क्रमांक 7190/2023 प्रस्तुत की गई थी। उच्च न्यायालय द्वारा आदेश पारित कर श्री तिवारी के शिकायती आवेदनों के संबंध में मध्य प्रदेश मां शारदा देवी मंदिर अधिनियम 2002 की धारा 25 के प्रावधानों के तहत निराकरण कर आदेश पारित करते हुए कमिश्नर रीवा संभाग में निर्देशित किया गया। उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश के परिपालन में कमिश्नर रीवा द्वारा जांच टीम गठित कर शिकायतकर्ता के आरोपों की जांच कराई गई। दिनांक 31 जनवरी 2025 को कमिश्नर रीवा ने इस संबंध में बिदुवार जानकारी देते हुए आदेश किया कि सितंबर 2009 से अगस्त 2015 तक की वास्तविक आय एवं सितंबर 2009 से अगस्त 2021तक वास्तविक अनुमत्य व्यय की जानकारी रोपवे प्रबंधन द्वारा जांच दल को उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसमें उद्यमी का वास्तविक लागत पे आउट पीरियड का निर्धारण संभव नहीं हो पाया। और दामोदर रोपवे प्रबंधन के प्रतिनिधि द्वारा आगामी मीटिंग में यथासंभव अधिकतम आंकड़े जानकारी देने का आश्वसन दिया गया था परंतु अद्यतन वास्तविक आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए गए। कैशफ्लो के माध्यम से बताया गया की माह जुलाई 2023 की स्थिति में प्रमोटर (रोपवे प्रबंधन)की निवेशित राशि की वसूली 1697 लाख बकाया है। रोपवे 7.50 करोड़ की निर्माण लागत के विरुद्ध 80 करोड़ आय होने जिसमें से मंदिर समिति को मात्र 19.61 करोड़ रॉयल्टी प्रदान की गई। शेष राशि रुपए 60करोड़ स्वयं रखने के बावजूद भी लागत वसूली हेतु 17 करोड़ बकाया दर्शाया जाना वास्तविकता से अत्यंत परे है। रॉयल्टी भुगतान संबंधी प्रावधान अनुसार अर्ध वार्षिक अवधि पूर्ण होने के एक माह के भीतर राशि मंदिर समिति में जमा किया जाना था जिसमें विभिन्न अवसरों पर अतिरिक्त/विलंब होने के कारण मंदिर समिति को समय पर प्राप्त होने वाली राशि पर प्राप्त होने वाली ब्याज राशि रुपए 5,82,716 की क्षति कारित हुई है। बैंक से लिए गए लोन ब्याज की दर वापस की गई राशि संबंधित जानकारी जांच दल के साथ साझा नहीं करने के संबंध में रोपवे प्रबंधन की मंशा स्पष्ट नहीं है। प्रथम 6 वर्षों की वास्तविक आय अप्रस्तुत रहने से उपलब्ध आशिक आंकड़ों के आधार पर लिए संभावित आय 2802.28 लाख मानी गई है। ऐसी स्थिति में 8 वर्षों में प्रस्तावित से अधिक आय होने से रोपवे निर्माण की लागत राशि 7,95,78,428 (सीए रिपोर्ट के आधार पर) परंतु वर्ष 2006 में संशोधित प्रस्ताव अनुसार अनुमत्य 750 लाख प्रथम 8 वर्ष में ही वसूल हो जाने की पूर्ण संभावना है। मंदिर समिति के द्वारा स्वीकृत पूर्व अनुबंध अनुसार रोपवे संचालन दिनांक 19 सितंबर 2009 से 8 वर्ष पश्चात अर्थात 9 वें वर्ष प्रारंभ सितंबर 2017 से जुलाई 2023 (कोविड की क्षति पूर्ति के लिए बढ़ाई गई रॉयल्टी अवधि 20 माह सहित) तक रोपवे की वास्तविक आय रु 59,22,58.272 होना पाया गया। समिति के अनुबंध के अनुसार दामोदर रोपवे को बाई केबल रोपवे लगाकर देना कितु मोनो केबल का रोपवे लगाया गया। तत्कालीन प्रशासक द्वारा भी पत्र क्रमांक 979 दिनांक 11/12/19 को प्रबंधक दामोदर रोपवे मैहर को पत्र लिखकर रोपवे निर्माण एवं संचालन अनुबंध में अनियमित परिवर्तन से निकाय को करोड़ों रुपए के हानि की आशंका जताई गई थी। इस तरह से दामोदर रोपवे की कई अनियमिततायें उजागर हुई है। मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति को दामोदर रोपवे द्वारा लगातार वित्तीय चपत पहुंचाई जा रही है।मंदिर प्रबंध समिति एवं जनहित को देखते हुए प्रशासक से मांग की गई है कि तुरंत दामोदर रोपवे को हटाकर नया टेंडर करायें ताकि आमजनता में अधिकारियों के प्रति विश्वास बना रहे वर्ना गड़बड़ी उजागर होने के बाद भी कार्यवाही न करना जनता के मन में संदेह पैदा करता है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह मई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 मई से 31 मई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार — 1 तोला, 5 नग — सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार — 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार — 2 नग — रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार — 3 नग — LED TV
सांत्वना पुरस्कार — 1100
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

खबर संक्षेप

### अमानगंज शहर में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर अमानगंज नगर में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक समस्त भारी एवं व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश व आवागमन प्रतिबंधित किया है। अब समस्त भारी वाहन निर्धारित समय में अमानगंज बायपास मार्ग से होकर जाएंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था कि अमानगंज कस्बा के बायपास रोड का निर्माण और सुधार कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में अमानगंज कस्बे से भारी वाहनों के आवागमन से यातायात व्यवस्था अवरूद्ध होने तथा प्रायः जाम की स्थिति निर्मित होने से आमजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही संकीर्ण बाजार से अधिक वाहनों के आवागमन से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मोटर व्हीकल अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं म.प्र. मोटर व्हीकल नियम 1994 के नियम 115 के तहत भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया गया है। आवश्यक सेवाओं के वाहनों जैसे फायर बिग्रेड, एम्बुलेंस, पुलिस वाहन, नगरीय निकाय की स्वास्थ्य सेवाओं में लगे वाहन, एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थ वाहन, दुग्ध वाहन, विद्युत मंडल के कार्यों में संलग्न वाहन, राज्य शासन की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के उठाव कार्य में लगे वाहन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों में युवा अन्नदूत योजना के तहत शासकीय खाद्यान्न उठाव कार्य में लगे वाहनों को उक्त प्रतिबंध से छूट रहेगी।

### पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया विद्या प्रवेश उत्सव



**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में आज कक्षा 1 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विद्या प्रवेश उत्सव मनाया गया। यह विशेष आयोजन विद्यालय में शिक्षारंभ की परंपरा को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्राथमिक विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका कोमल सैनी ने विद्या प्रवेश की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के नियमों और अनुशासन संबंधी जानकारी अभिभावकों को दी। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की झलक भी देखने को मिली। प्राचार्य श्री दाहिया ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और विद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा के पहले दिवस को बच्चों के जीवन की नई शुरुआत बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ स्नातकोत्तर शिक्षक नीरज चौरसिया ने उपस्थित सभी अभिभावकों, छात्रों, शिक्षकों एवं स्टॉफ का आभार माना।

## जिला मुख्यालय पर प्रत्येक शासकीय कार्यालय में सुनिश्चित हो जनसुनवाई- कलेक्टर

# टीएल बैठक में अधिकारियों को दिए गए निर्देश

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक प्रत्येक शासकीय कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालय पहुंचे आवेदकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए।



**पन्ना।**

संयुक्त कार्यालय भवन, कलेक्टेट परिसर में संचालित समस्त विभागों के जिला अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभागार में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का निराकरण करें। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। इस मौके पर आगामी 28 अप्रैल को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन के विषयवार लंबित प्रकरणों तथा 100 दिवस से अधिक समायावधि की शिकायतों का अनिवार्य रूप से 25 अप्रैल तक शत-प्रतिशत निराकरण तथा समस्त प्रकरणों में जिला स्तर पर अपेक्षित सटीक प्रतिवेदन दर्ज करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

जिला कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व स्तर पर भू-अर्जन से संबंधित 77 लंबित शिकायतों के निराकरण सहित किसानों को फसल बीमा के मामलों का विधिवत तरीके से रिकार्ड सत्यापन कर लाभ प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने आगामी टीएल बैठकों में अनिवार्य रूप से आरटीओ को उपस्थित रहने तथा दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक कार्य करने की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें। शासन के निर्देशानुसार समय-समय पर कार्यों की प्रगति के आधार पर जिलों की रैंकिंग जारी करने की नवीन व्यवस्था के तहत भी वेटेज स्कोर के लिए निर्धारित घटक पर प्राथमिकता से कार्य करने के लिए कहा। जिला कलेक्टर द्वारा ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के लिए समस्त विभाग प्रमुखों को समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने तथा न्यायालयीन प्रकरणों में भी सजगतापूर्वक कार्य के लिए निर्देश दिए गए।

### निरंतर चालू रहे कुपोषित बच्चों के भर्ती व उपचार की व्यवस्था

कलेक्टर ने कहा कि जिले में जिला चिकित्सालय सहित अजयगढ़, गुनौर, अमानगंज, पवई और शाहनगर में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्रो में कुपोषित बच्चों के पोषण एवं उपचार की व्यवस्था सतत रूप से संचालित रहे। बच्चों के डिस्चार्ज होने के तुरंत बाद नवीन चिन्हांकित कुपोषित बच्चे को उपचार के लिए भर्ती किया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा समन्वय के साथ कार्य कर जिले को कुपोषण मुक्त बनाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि क्रमशः अतिकुपोषित बच्चों को मध्यम कुपोषित और फिर सामान्य श्रेणी के बच्चों में शामिल करने की कार्ययोजना पर कार्य करें। जिला कलेक्टर द्वारा खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की टीम को स्कूलों के मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच करने सहित आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया के माध्यम से ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करने, अग्नि एं विद्युत तारों से दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक उपाय और निगरानी, शहर में थोक सब्जी मंडी के लिए स्थान चिन्हित कर जरूरी कार्यवाही इत्यादि के संबंध में भी निर्देश दिए गए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में नगरीय निकाय भी करें योगदान

टी.एल. बैठक में जिला कलेक्टर ने उपस्थित समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ सहित अन्य सहभागी विभागों के अधिकारियों को जनप्रतिनिधि एवं आमजनों की सहभागिता से निरंतर कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। वर्षाकाल के पूर्व अभी से नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने सहित शहर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा अभियान में विभागवार चिन्हित कार्यों में तेजी लाने, जनअभियान परिषद द्वारा अटल भू-जल योजना के समन्वय से गतिविधियों के आयोजन, जल संरचनाओं को खसरे में दर्ज कराने सहित महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र को उद्योगों का भ्रमण कर उद्योगपतियों से भी अभियान में निर्धारित गतिविधियों में सहयोग प्राप्त करने के लिए कहा। इसके अलावा जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोकथाम के संबंध में एसडीएम एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इस संबंध में लापरवाही पर संबंधित किसान सहित निगरानी में लापरवाही बरतने वाले कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को दण्डित करने की चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि खेतों में आग की सूचना से अवगत कराने के लिए हर गांव में 4 से 5 व्यक्तियों का पंजीयन भी कराया जाए। कस्टम हायरिंग केन्द्रों के माध्यम से नरवाई की रोकथाम के लिए किसानों को विभिन्न यंत्रों के प्रदाय के निर्देश भी दिए।

### सार्वजनिक स्थानों पर करें प्याऊ की व्यवस्था

कलेक्टर ने समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ को ग्रीष्मकाल में बस स्टैण्ड सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आमजनों के लिए निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था सहित लू एडवाइजरी जारी करने के निर्देश भी दिए। इसी प्रकार गेहूं उर्पाजन कार्यों की समीक्षा के दौरान केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त करने और गोडाउन की सुचारू व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए गए। बैठक में नवीन स्वीकृत सीएम राइज स्कूल के भूमि चिन्हांकन उपरांत कार्य शुरू कराने तथा आगामी 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से विद्यालय संचालन समय पर अधिकारियों को शाला भ्रमण के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में समय पर शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित हो। इसी तरह समस्त एसडीएम को वन व्यवस्थापन के प्रचलित प्रकरणों का पुनः अवलोकन करने तथा अतिक्रमण चिन्हांकित कर हटाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने सोलर गांव के चयन के लिए आगामी कार्यवाही शुरू कराने तथा स्वयं के कार्यालय भवन व छत पर एक हजार वर्गफीट से अधिक स्थान वाले विभाग के अधिकारियों को सोलर पैनल स्थापित करने के संबंध में पुनः अविलंब कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के भवनों में स्थापित मतदान केन्द्रों में एश्योर्ड मिनिमम फेसिलिटी सुनिश्चित कर निर्वाचन मापदंड के मुताबिक भवन मरम्मत के निर्देश दिए गए। स्थानीय निकायों के अधिकारियों को भी भवन उपयुक्तता रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश दिए। टीएल बैठक में आहरण-संवितरण अधिकारीवार कोषालय साफ्टवेयर में दर्ज एम्पलाई आईडी के समग्र आईडी से लिंकिंग कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की गई। इस दौरान वन, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई। कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी को संबंधित विभाग के डीडीओ द्वारा उक्त कार्य पूर्ण के पश्चात ही वेतन अहरण के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पन्ना की बेटी ने शतरंज में रचा इतिहास 9 साल की स्वस्ति चौहान बनी स्टेट चौंपियन



**पन्ना।** इंदौर में आयोजित 2 दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता में पन्ना की 9 वर्षीय स्वस्ति चौहान ने अपनी अद्भुद प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्टेट चौंपियन का खिताब हासिल किया है। स्वस्ति ने इस प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल और जबलपुर के खिलाड़ियों को शिकस्त देकर जीत का परचम लहराया है। स्वस्ति इस उपलब्धि के बाद, जून में गुरुग्राम हरियाणा में आयोजित होने वाले नेशनल चेस टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। जो होनहार स्वति के लिए बड़ा अवसर होगा।


**प्रदेश की सबसे कम उम्र की महिला अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटेड खिलाड़ी-** स्वस्ति की इस उपलब्धि को और भी खास बनाती है कि वह प्रदेश की सबसे कम उम्र की महिला अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटेड खिलाड़ी भी हैं। उनकी इस प्रतिभा और मेहनत को देखकर लगता है कि वह भविष्य में शतरंज की दुनिया में देश का नाम रोशन करेंगी। स्वस्ति की उपलब्धि पर ईष्ट मित्रों व शुभचिंतकों ने बधाई दी हैं। स्वस्ति स्विस्म हॉस्पिटल ग्वालियर में पदस्य अमित चौहान की पुत्री है, अमित चौहान पन्ना जनपद में पदस्थ संजय चौहान के छोटे भाई हैं। संजय चौहान व अमित चौहान के पिता एसएस चौहान पन्ना में जिला पुनर्वास अधिकारी रहे हैं।

## देवेंद्रनगर में 10 वर्षीय छात्र का कथित अपहरण, पुलिस की चुप्पी और स्कूल की लापरवाही पर उठे सवाल

### विद्यालय परिसर से बालक उठा ले जाने का आरोप, तीन दिन बीतने के बाद भी न थ्प्, न विवेचनाकृजनता में भय का माहौल

**देवेन्द्रनगर।**

विकास के सपने देखता यह शांत कस्बा अब डर की चादर ओढ़े बैठा है। 16 अप्रैल 2025 को देवेंद्रनगर तहसील के जिगदहा ग्राम स्थित प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले 10 वर्षीय छात्र अकील मोहम्मद का विद्यालय परिसर से अपहरण कर लिए जाने का आरोप सामने आया है। बालक के अनुसार, वह पानी पीने गया था तभी दो नकाबपोश व्यक्ति उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर विरवाही गांव की दिशा में ले गए। लेकिन वहां वह किसी तरह उनके चंगुल से निकलकर एक परिचित के घर पहुंचा। परिजनों ने उसे सकुशल वापस लाया और 17 अप्रैल को थाने में लिखित सूचना दी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज तक न कोई थ्प् दर्ज हुई, न विवेचना शुरू हुई। विद्यालय प्रबंधन भी पूरी तरह से गैर-जिम्मेदार नजर आया। प्राचार्य का तर्क कि ष्बच्चा मिल गया, इसलिए पुलिस को नहीं



बतायाष, एक गंभीर अपराध को सामान्य घटना की तरह प्रस्तुत करने का प्रयास है। बालक के पिता शकील मोहम्मद ने प्रशासन और विद्यालय की कार्यशैली पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि ष्अगर अपहरण जैसे मामलों में भी पुलिस और शिक्षक चुप बैठे रहें, तो आम नागरिक किस पर भरोसा करे? इस घटना के बाद अभिभावकों में भय और असुरक्षा का माहौल है। बच्चों को स्कूल छोड़ने-लाने के लिए भीड़ लग रही है, लोग सवाल कर रहे हैं कि अगर यह बच्चा खुद से भाग कर न आता तो क्या होता? देवेंद्रनगर थाना पहले ही हाल में तीन बड़ी चोरियों को सुलझाने में विफल रहा है। अब यह कथित अपहरण प्रशासनिक निष्क्रियता की पोल खोल रहा है। यह घटना एक चेतावनी है कि अगर वक्त रहते प्रशासन नहीं जागा, तो कल को कोई और बच्चा इस अराजकता का शिकार हो सकता है।

**हायर सेकेंडरी स्कूल न होने से 90% बेटियों और 25% छात्रों की पढ़ाई 10वीं के बाद ही थम जाती है**

## गुखौर- प्रतिभा का गांव, पर अधूरी उड़ान

**देवेंद्रनगर।**

जहाँ शिक्षा सपनों की सीढ़ी मानी जाती है, वहीं पन्ना जिले का गुखौर गांव एक ऐसा ठिकाना है जहाँ यह सीढ़ी दसवीं कक्षा के बाद अचानक खत्म हो जाती है। प्रतिभाओं से परिपूर्ण यह गांव हर वर्ष नवोदय, छडडे और ओलंपियाड जैसी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है, पर संस्थानिक संसाधनों की कमी और हायर सेकेंडरी स्कूल का अभाव यहाँ की युवा पीढ़ी को अधूरी उड़ान के लिए विवश कर देता है।

### 90 प्रतिशत बालिकाएँ 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं

ग्रामवासियों के अनुसार, गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल न होने के कारण लगभग 90ः छात्राएँ कक्षा 10 के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं। इसका मुख्य कारण है। निकटतम हायर सेकेंडरी स्कूल देवेंद्रनगर में स्थित हैं, जो 10 से 12 किलोमीटर दूर हैं। आवागमन के सुरक्षित साधनों की कमी है, जिससे अभिभावक बेटियों को इतनी दूर अकेले भेजने से हिचकते हैं। परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण निजी साधन या किराया वाहन सम्भव नहीं होता। प्राकृतिक बाधाएं, जैसे बारिश, गर्मी या रास्तों की खराब स्थिति बेटियों के लिए यह दूरी और कठिन बना देती है।

### 25 प्रतिशत छात्र भी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर

बालकों के लिए भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। करीब 25ः छात्र दसवीं के बाद हायर सेकेंडरी की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते। कुछ को परिवार की आर्थिक मदद के लिए काम पर जाना पड़ता है। दूरी, किराये और समय की लागत, साथ ही पढ़ाई की अलगाव से उपजी निराशा उन्हें आगे बढ़ने से रोक देती है।'ग्राम गुखौररू शिक्षा की आकांक्षा, पर तीन कमरों में सिमटी व्यवस्था' गांव के सरकारी स्कूल में 6 एकड़ भूमि होने के बावजूद मात्र तीन कमरे हैं। इन्हीं में कक्षाएँ, प्राचार्य कक्ष, कंप्यूटर कक्ष और ऑफिस सब कुछ संचालित होता है। गुखौर और आसपास के 15 गांवों के लिए यह एकमात्र हाई स्कूल है, पर हायर सेकेंडरी का दर्जा आज तक नहीं मिला।

### नत्थू सिंह कुशवाहा जी की आंखों में आँसू थे जब उन्होंने कहा

"हमारी बेटियाँ पढ़ना चाहती हैं, आगे बढ़ना चाहती हैं, पर शासन की चुप्पी ने इनके सपनों को चुप कर दिया है। हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन अब एक ज़रूरत नहीं, जीवन की मांग है।"

### गांववासियों की मुख्यमंत्री से अपील

ग्रामवासी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से मांग कर रहे हैं कि आगामी 2025-26 सत्र से पहले 'गुखौर हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी का दर्जा दिया जाए''नई कक्षाओं के निर्माण हेतु बजट स्वीकृत किया जाए' और बालिकाओं की शिक्षा सुरक्षा हेतु यातायात और छात्रावास की व्यवस्था पर विचार किया जाए। क्योंकि शिक्षा तब सशक्त बनती है, जब अवसर हर किसी तक पहुँचते हैं खासकर वहाँ, जहाँ उसकी सबसे अधिक जरूरत हो।

## जेके कंपनी का अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक सड़क के किनारे बैठे बैल को रौंदते हुए भागा

### गो सेवकों ने बैल का प्राथमिक उपचार करके पहुंचाया गौशाला

**पन्ना।**

जेके कंपनी के ट्रैकों से हो रहे आए दिन सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। आज 19 अप्रैल 2025 को पन्ना नगर के डायमंड चौराहा में रात 10 बजे जेके कंपनी के ट्रक ने रोड किनारे बैठे बैल के चारों पैरों को बुरी तरह से कुचलते हुए भाग गया है। जिससे बैल के चारों पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटनास्थल पर खड़े यादव महासभा के जिला युवा अध्यक्ष जगात चौकी निवासी अजय यादव ने जैसे ही देखा तुरंत अपने साथियों के साथ पहुंचे तो ट्रक बैल को कुचल कर भाग गया था। अजय



यादव के द्वारा गौ सेवक चाणक्य रैकवार व राजकुमार वर्मा को फोन लगा कर घटना की जानकारी दी जानकारी मिलते ही चाणक्य रैकवार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुचे और बैल को प्राथमिक उपचार करके गौ सेवक शुभम लालवानी, निहाल द्विवेदी, अरविंद यादव पुष्पराज, बबलू यादव सुशांत जाटव, दीप अहिरवार, राज वर्मा, अभय कुशवाहा, के सहयोग से पिकअप में बिठाकर घायल बैल को पन्ना के बाईपास में स्थित गौशाला में लेकर गए जहां पर सुरक्षित किया गया। बता दे की जेके कंपनी के ट्रैकों के द्वारा आए दिन पशुओं को कुचलकर मौत के घाट उतारा जा रहा है जिन पर किसी भी प्रकार की शासन प्रशासन के द्वारा कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही है वहीं गो सेवकों ने ऐसे ट्रक चालकों पर कठोर कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी दी है।

# मध्यप्रदेश की हीरा खनन परियोजना में भी हिंदी की अवहेलना

**पन्ना।** एनएमडीसी लिमिटेड की हीरा खनन परियोजना, जो मझगवां, जिला पन्ना (मध्य प्रदेश) में स्थित है कृ श्कश क्षेत्र के अंतर्गत आती है, जहाँ राजभाषा नियम, 1976 का नियम 8(4) स्पष्ट रूप से यह अनिवार्य करता है कि यदि अधिकारी/कर्मचारी हिंदी में दक्ष (प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ उत्तीर्ण) हैं, तो 100ः मूल कार्य हिंदी में ही किया जाना चाहिए।

**परंतु रिपोर्ट्स के अनुसार-** ऽ वहाँ प्रायः सभी कार्यालयी आदेश, टेंडर, अनुबंध, संचार, और नोटिस केवल अंग्रेज़ी में जारी किए जा रहे हैं। राजभाषा प्रकोष्ठ को छोड़कर अधिकांश अनुभागों में हिंदी का औपचारिक प्रयोग तक नहीं किया जा रहा। कर्मचारियों को चार्जशीट जैसी संवेदनशील एवं संवैधानिक रूप से अनिवार्य द्विभाषिक प्रक्रिया भी केवल अंग्रेज़ी में सौंपी जा रही है। यह न केवल राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) का उल्लंघन है, बल्कि राष्ट्रपति के राजभाषा आदेश (पैरा 2.3 व 2.4) तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की अवहेलना भी है। संवैधानिक और विधिक प्रावधानों की अनदेखी भारत के संविधान में हिंदी के राजभाषा होने और उसके प्रचार-प्रसार से जुड़े कई अनुच्छेद हैं, जिनका स्पष्ट उल्लंघन यहां




देखा जा रहा है।

**ऽ अनुच्छेद 343(1)रू भारत संघ की राजभाषा हिंदी होगी।**

ऽ अनुच्छेद 344 और 351रू हिंदी के वैज्ञानिक विकास और प्रचार-प्रसार का दायित्व।

ऽ राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3)रू सरकारी आदेश, निविदाएँ,



अनुबंध आदि हिंदी व अंग्रेज़ी दोनों में अनिवार्य हैं। यह विडंबना ही है कि एक सरकारी उपक्रम, जो हिंदी भाषी राज्य में कार्य कर रहा है, स्वयं राजभाषा नीति को पीछे धकेल रहा है, और अंग्रेज़ी को प्राथमिकता देकर करोड़ों हिंदी भाषियों की संवेदनाओं को ठेस पहुँचा रहा है। इतना ही नहीं यदि परियोजना में सांविधिक पद पर नियुक्त राजभाषा अधिकारी अपने उच्च अधिकारियों से राजभाषा के संवैधानिक प्रावधानों का पालन करने को कहता है तो उसे उच्च अधिकारियों द्वारा तरह-तरह से प्रताड़ति किया जाता है और कहा जाता है कि चुप रहो और जो जैसा चल रहा है उसे वैसा ही चलने दो। एनएमडीसी के हैदराबाद स्थित मुख्यालय, क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालयों, इस्पात मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर राजभाषा कार्यान्वयन निरीक्षण किए जाते हैं और उसकी रिपोर्ट में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा जाता है ताकि राजभाषा कार्यान्वयन का कार्य संवैधानिक प्रावधानों एवं गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष दी जाने वाली वर्षिक योजना के लक्ष्यों के अनुसार हो सके। लेकिन होता यह है कि प्रत्येक तिमाही में भेजी जाने वाली तिमाही प्रगति रिपोर्ट में फर्जी और काल्पनिक आँकड़े भेजकर राजभाषा के विभिन्न पुरस्कार प्राप्त कर लिए जाते है और वास्तविकता में अधिकांश कार्य अंग्रेजी में होता रहता है।

## खबर संक्षेप



### अवैध कट्टा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जुझारनगर पुलिस ने एक आरोपी को कट्टा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ग्राम बनियानी में की गई।

थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम बनियानी में एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ खेतों की ओर देखा गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो संदिग्ध व्यक्ति ने भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का देसी कट्टा और कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी अजय राजपूत पिता रामरूप राजपूत निवासी ग्राम बनियानी है। आरोपी की अवैध हथियार के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी थी। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### फीस वसूली और परीक्षा फॉर्म भरवाने को लेकर स्वामी विवेकानंद कॉलेज के छात्रों का विरोध

**कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कॉलेज प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप**



**छतरपुर।** स्वामी विवेकानंद कॉलेज, चौबे कॉलोनी छतरपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन द्वारा तय फीस से अधिक राशि वसूलने और परीक्षा फॉर्म न भरवाने को लेकर विरोध जताया है। इस संबंध में छात्रों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। छात्रों ने बताया कि उनका एडमिशन ऑनलाइन माध्यम से हुआ था, जिसके बाद कॉलेज प्रबंधन से संपर्क करने पर संचालक अजय तिवारी द्वारा फीस निर्धारित की गई थी। प्राचार्य महेन्द्र तिवारी के माध्यम से यह तय फीस 24 जून 2023 को ऑपरेटर से लिखित रूप में दिलाई गई थी। अब छात्रों का आरोप है कि तय फीस से अधिक राशि की मांग की जा रही है और जब तक यह फीस नहीं दी जाती, तब तक परीक्षा फॉर्म भरने से मना किया जा रहा है। टीकमगढ़ निवासी छात्रा शिवा यादव, जो बीएलएड सेकेंड ईयर की छात्रा हैं, ने बताया कि पहले कॉलेज ने 32 हजार रुपए फीस बताई थी लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 45 हजार कर दिया गया। अब कॉलेज प्रबंधन यह कहकर फॉर्म भरने से मना कर रहा है कि अंतिम तिथि निकल गई है। बकस्वाहा बाजना निवासी फूलचंद्र अहिरवार ने बताया कि वर्ष 2023 में उनके सहित 10 छात्रों ने कॉलेज में एडमिशन लिया था। उस समय 30 हजार रुपए फीस तय हुई थी, लेकिन अब कॉलेज प्रबंधन मनमाने तरीके से फीस बढ़ाकर वसूली कर रहा है। विरोध करने पर छात्रों के साथ अभद्रता की जा रही है। छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की शैक्षणिक हानि न हो।

## घर के बाहर खड़ी बाइक में दबंग ने लगाई आग, घटना का वीडियो वायरल




छतरपुर

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के परवारी मोहल्ले में दबंगई की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां मोहल्ले के दबंग भारत सिंह परिहार ने घर के बाहर खड़ी बाइक में पेट्रोल की मदद से आग लगा दी। इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी मोहल्ले में घर के बाहर बाइक खड़ी होने से नाराज था, जिसके चलते उसने पेट्रोल की सटक खोलकर बाइक में आग लगा दी। बाइक धू-धू कर जलने लगी, जिसे मोहल्ले के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पानी डालकर बुझाया। घटना के बाद पीड़ित राकेश सोनी ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डॉक्टरों पर कार्रवाई के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन

**छतरपुर।** बीते रोज जिला अस्पताल में एक बुजुर्ग के साथ मारपीट के वायरल वीडियो मामले में डॉ. राजेश मिश्रा और जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. जी.एल. अहिरवार पर कार्रवाई होने से नाराज जिले भर के डॉक्टर सोमवार को विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए नाराजगी जताई है।

प्रदर्शन के दौरान डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर मरीजों का नियमित उपचार जारी रखा और कार्रवाई को अनुचित बताते हुए स्वास्थ्य विभाग के फैसले पर आपत्ति जाहिर की। डॉक्टरों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच से पहले इस प्रकार की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए थी। बता दें कि एक बुजुर्ग के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने दोनों डॉक्टरों पर कार्रवाई की थी, जिसके बाद से स्वास्थ्य अमले में आक्रोश व्याप्त है।



### चिकित्सकों ने कोतवाली पुलिस को दिया आवेदन, आईएमए ने किया समर्थन

वहीं दूसरी ओर डॉ. राजेश मिश्रा ने ड्यूटी के दौरान उनके साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर कोतवाली में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन सौंपने के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की जिला इकाई के कई चिकित्सक भी उनके समर्थन में मौजूद रहे। डॉ. मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 अप्रैल को वह नियमित रूप से ओपीडी में मरीजों की जांच कर रहे थे, तभी एक बुजुर्ग व्यक्ति बिना किसी कारण के गाली-गलौज करते हुए ओपीडी में घुस आए। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग ने न केवल धक्का-मुक्की की, बल्कि हाथ पकड़कर थप्पड़ भी मारा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि घटना के दौरान उन्होंने आत्मरक्षा में प्रतिक्रिया दी थी। वहीं डॉ. अरुणेन्द्र शुक्ला ने कहा कि इस मामले में बिना समुचित जांच के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जल्दबाजी में कार्रवाई की गई, जिससे चिकित्सकों में रोष व्याप्त है। चिकित्सकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आईएमए के डॉक्टरों ने कहा कि यदि चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई तो भविष्य में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।



## खेत पर बनी झोपड़ी में लगी आग

### गृहस्थी का सामान और शादी के लिए रखी नगदी स्वाहा



**ईशानगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गहरवार में अज्ञात कारणों के चलते किसान परिवार के खेत पर बनी झोपड़ी में आग लग गई और गृहस्थी का सामान तथा शादी के लिए रखी नगदी जलकर खाक हो गई।

गहरवार निवासी फूला पत्नी गंगादीन अहिरवार ने बताया कि आगजनी की घटना उस समय हुई जब परिवार के लोग शादी के सिलसिले में ईशानगर गए थे। घर पर मौजूद बेटी मोहिनी ने फोन पर आग लगने की सूचना दी। जब परिवार मौके पर पहुंचा तब तक झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग में लगभग 10 क्विंटल गेहूं, 50-50 किलो चना, मटर और मसूर, 1 क्विंटल महुआ, करीब 40 हजार रुपए नगद, कपड़े, बर्तन सहित अन्य जरूरी सामान नष्ट हो गया है। फूला के मुताबिक, उक्त पैसे उसने अपनी बेटी की शादी के लिए जोड़कर रखे थे। वहीं परिवार के राजकुमार अहिरवार ने बताया कि उनका परिवार मजदूरी कर जीवन यापन करता है, और इस घटना के बाद उनके पास खाने तक के लाले पड़ गए हैं। घटना की सूचना ईशानगर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने जीरो पर मामला कायम कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू की है।

## छतरपुर पुलिस का सख्त कांबिंग गश्त, 172 से अधिक आरोपी गिरफ्तार

## गुंडे-बदमाश, अवैध शराब और हथियार रखने वालों पर हुई कार्रवाई

**छतरपुर।** जिले में कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने और आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से छतरपुर पुलिस द्वारा विगत रात्रि जिलेभर में व्यापक स्तर पर कांबिंग गश्त की गई। इस सघन अभियान में सभी थानों और चौकियों में एक साथ कार्रवाई करते हुए अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और सार्वजनिक स्थलों पर गहन जांच की गई। कांबिंग गश्त में दो राजपत्रित पुलिस अधिकारी सहित 300 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे।

अभियान के दौरान जिले में कुल 39 इनामी स्थायी वारंटी और 58 गिरफ्तार वारंटी पकड़े गए। इसके अलावा 15 वांछित अपराधियों को भी दबोचने में पुलिस को सफलता मिली। साथ ही अवैध हथियार रखने के मामले में 9 आरोपियों पर कार्रवाई की गई। अवैध शराब के खिलाफ भी पुलिस ने मोर्चा खोलते हुए 47 मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए। थाना सिविल लाइन, बमीठा, लवकुशनगर, ओरछा रोड, बिजावर और ईशानगर क्षेत्रों में शराब जब्ती की कार्रवाई की गई। वहीं बमीठा थाना क्षेत्र में जुए के फड़ से नगद राशि जब्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गुंडा लिस्टेड और निगरानी बदमाशों की भी गहन चेकिंग की गई। कुल 490 बदमाशों की निगरानी के साथ-साथ जेल से रिहा हुए 22 बदमाशों की जांच की गई। इसी अभियान में पुलिस ने जिले में 253 समन, 149 जमानती वारंट तामील किए। साथ ही 458 आरोपियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने जिले के प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों, होटल, ढाबों, धर्मशालाओं और बस स्टैंड जैसी जगहों पर भी चेकिंग की। संदिग्ध वाहनों और चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की गई।



## नौगांव के 10 वार्डों में होंगे सड़क निर्माण कार्य

### विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**नौगांव**/छतरपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री की कायाकल्प योजना के अंतर्गत नगर की विभिन्न सड़कों के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया है। मंगलवार को वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद श्रीराम यादव के मकान से सत्य जय पैलेस होते हुए वीरेंद्र कॉलोनी चौराहे तक डामरीकरण कार्य के लिए भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने कहा कि आने वाले समय में नगर की समस्त सड़कों का डामरीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वीरेंद्र कॉलोनी, हल्लू कॉलोनी, गल्ला मंडी, गफूर बस्ती सहित लगभग 10 वार्डों की सीमा में डामरीकरण कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह कार्य लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से संपन्न किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने जानकारी दी कि नगर के समस्त वार्डों में सड़क निर्माण और डामरीकरण कार्य शीघ्र शुरू कराए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि नौगांव स्टेडियम में प्रस्तावित स्विमिंग पूल को आधुनिक स्वरूप में विकसित करने का कार्य भी जल्द प्रारंभ किया जाएगा। इस मौके पर पार्षद श्रीराम यादव, आलोक जायसवाल, अरविंद यादव, श्याम सुंदर आरिजरिया, ताहिर मंसूरी, भारती साहू, और निर्माण कार्य के ठेकेदार विक्की सक्सेना सहित नगर के अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## घायल युवक की मदद कर मानवता की मिसाल बने पत्रकार इमरान



**छतरपुर।** राजनगर क्षेत्र के युवा पत्रकार इमरान खान ने एक घायल युवक की मदद कर मानवता की मिसाल पेश की है। दरअसल बीती रात इमरान खान बारीगढ़ क्षेत्र में किसी काम से जा रहे थे, तभी रास्ते में लखन यादव नाम का एक व्यक्ति घायल अवस्था में उन्हें पड़ा मिला। घायल लखन ने बताया कि वह एक शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहे थे, तभी रास्ते में एक गाय से टकरा गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद इमरान खान ने बिना कोई देर किए उन्हें तुरंत अपने वाहन से बारीगढ़ अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल में उस समय न तो कोई डॉक्टर मौजूद था और न ही प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था थी, जिसके चलते स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इमरान खान ने स्टाफ की मदद से स्वयं ही घायल युवक का प्राथमिक इलाज भी किया।

## 24 घंटे में पकड़ा गया हत्या का आरोपी, देशी कट्टा बरामद



**छतरपुर।** बिजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम एरोरा में हुई ट्रैक्टर चालक मनोज रैकवार की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी उमेश दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा भी बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी बिजावर उप निरीक्षक कमलजीत सिंह मावई ने बताया कि दो दिन पूर्व रात्रि को ग्राम एरोरा में आरोपी उमेश दुबे ने गोली चलाकर मनोज रैकवार की हत्या कर दी थी। परिजनों की शिकायत पर थाना बिजावर में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया था, जिसकी तलाश में पुलिस ने हर संभावित ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस जांच में सामने आया कि उमेश दुबे पूर्व से ही हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने, मारपीट और एससी-एसटी एक्ट सहित कुल 4 अपराधों में लिप्त रहा है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## बारी गांव के रामलला मंदिर के पट खुले, पूजा-पाठ नियमित जारी

### महंत के बयान के बाद की गई पड़ताल में खुला मिला मंदिर



**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के बारी गांव स्थित रामलला मंदिर में नियमित पूजा-पाठ जारी है, जिसकी पुष्टि ग्रामीणों ने भी की है। ग्रामीणों ने बताया है कि मंदिर में श्रद्धालु रोजाना पहुंच रहे हैं और पूजा-अर्चना सुचारु रूप से हो रही है।

गौरतलब है कि एक दिन पहले निर्मोही अखाड़ा के पंच और जानराय टौरिया के महंत भगवानदास श्रृंगारी ने मंदिर बंद होने का बयान दिया था। इसके बाद मंदिर की स्थिति को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। आज जब मीडिया टीम ने गांव में पहुंचकर पड़ताल की, तो मंदिर पूरी तरह से खुला मिला। मामला उस घटना से जुड़ा है, जो दो दिन पहले मंदिर परिसर में घटित हुई थी। उस दिन प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कथित रूप से झूमा-झटकी हुई थी, जिसके बाद तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया और दो को जेल भेजा गया था। घटना के दिन कुछ समय के लिए मंदिर को बंद कर दिया गया था, जिसके कारण महंत भगवानदास श्रृंगारी ने नाराजगी जाहिर की थी। गांववासियों का कहना है कि उस दिन की घटना के बाद से मंदिर में पूजा-पाठ नहीं रुका है और धार्मिक गतिविधियां निरंतर जारी हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की आस्था पहले की तरह बनी हुई है और रामलला के दर्शन और पूजा विधिवत हो रही है।



## सेंधपा गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, आधा दर्जन से अधिक घायल

### पुलिस पर लापरवाही का आरोप, घायल परिवार ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के सेंधपा गांव में जमीनी विवाद को लेकर आधा दर्जन से अधिक लोगों द्वारा घर में घुसकर पूरे परिवार को बेरहमी से पीटे जाने की घअना सामने आई है। इस हमले में 7 लोग घायल हो गए, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं और नाबालिग शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत की, लेकिन आरोप है कि बड़ामलहरा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ितों ने घायल अवस्था में छतरपुर एसपी ऑफिस पहुंचकर आवेदन सौंपा और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। घायल हल्के अहिरवार ने बताया कि सोमवार तड़के करीब 4 बजे वह अपने घर में सो रहे थे, तभी गांव के जुगला अहिरवार, संतोष, बबलेश, चम्पा बाई, देवलिया अहिरवार सहित अन्य लोग दीवार फांदकर घर में घुस आए और लाठी, डंडों व कुल्हाड़ी से पूरे परिवार पर हमला कर दिया। हमले में गोकुल अहिरवार (65), बाबूलाल अहिरवार (35), हल्के अहिरवार (31), बेनी बाई अहिरवार (36), चिनखा अहिरवार (33), अमर अहिरवार (16) और श्यामबाई अहिरवार (60) गंभीर रूप से घायल हुए। परिजनों ने बताया कि घायल हालत में वे जब बड़ामलहरा थाने पहुंचे, तो पुलिस ने न तो शिकायत दर्ज की और न ही इलाज की व्यवस्था कराई। थक-हार कर सभी लोग एक किराए की कार से छतरपुर पहुंचे और दोपहर 2 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित परिवार ने एसपी से मांग की है कि हमलावरों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई हो और घायलों को उचित इलाज व सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।

## बड़ामलहरा पुलिस ने पकड़े शराब तस्कर, 20 पेटी शराब व टैक्सी जप्त



**छतरपुर।** बड़ामलहरा पुलिस ने एक टैक्सी से अवैध शराब तस्करी कर रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 20 पेटी, लगभग 180 लीटर अवैध शराब और तस्करी में प्रयुक्त वाहन टैक्सी जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है।थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि पुलिस को कॉम्बिंग गश्त के दौरान सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शराब तस्करी की सूचना मिली थी। बमनी तिराहा बड़ामलहरा में टैक्सी रोककर तलाशी लेने पर शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजेंद्र पाल निवासी ग्राम चुरारा थाना बमीठा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। इसी क्रम में मंडी वाले तिराहे पर आरोपी दिलीप यादव निवासी ग्राम कनेरा से भी एक पेटी (9 लीटर) अवैध शराब जब्त कर कार्यवाही की गई।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल महिला महासभा ने प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश



**रीवा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा जिला रीवा के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय बद्रिका टावर में जल संरक्षण के लिए स्लोगन के द्वारा ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते दुष्प्रभाव को देखते हुए एकजुट होकर संदेश दिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया।साथ ही मनोरंजनात्मक गेम के माध्यम से जनसंदेश देने की कोशिश की।इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती मीना बंसल ने कहा कि पानी एक सीमित संसाधन है जो जीवन के लिए आवश्यक है पृथ्वी पर मौजूद सभी पानी में से केवल 3% ही मीठा पानी है।इस राशि में से केवल 0.5% ही पीने योग्य और उपलब्ध है।दुनिया भर में करीब दस लाख लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल रहा है;दुनिया में होने वाली करीब 80% मौतें पानी से जुड़ी बीमारियों से जुड़ी हैं।संयुक्त राष्ट्र संगठन का अनुमान है कि 2025 तक दुनिया में पांच से आठ मिलियन लोगों के पास अपनी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं होगा।विश्व की जनसंख्या में वृद्धि के साथ-साथ जीवन स्तर और स्वच्छता में वृद्धि के कारण पेयजल की बढ़ती मांग का सामना करना पड़ रहा है।जिलाध्यक्ष गीता अग्रवाल ने कहा कि जल संरक्षण से हमारे प्राकृतिक जल स्रोतों,जैसे कि नदियाँ,झीलें,और भूमिगत जल की रक्षा होती है।यह जल प्रदूषण को कम करने और हमारे पारिस्थितिक तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता।स्वच्छ जल तक पहुंच होना मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है।जल संरक्षण से दूषित पानी की समस्या कम होती है,जिससे बीमारियों से बचाव होता है।कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने सरकार द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लागू करने का भी संकल्प लिया। समस्त कार्यक्रम का संचालन नीतू अग्रवाल एवं रक्षा अग्रवाल द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीना बंसल,गीता अग्रवाल, राखी अग्रवाल,संध्या अग्रवाल,अंजू अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल,शैलजा अग्रवाल,सुनीता चमड़िया,चंचल चमड़िया, स्वाति अग्रवाल,उषा अग्रवाल,सुनीता अग्रवाल,शिप्रा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल,रक्षा अग्रवाल,संध्या अग्रवाल,स्वाति अग्रवाल आस्था अग्रवाल,तिथि अग्रवाल आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।उक्ताशय की जानकारी अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा जिलाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने दी।

### युवा संगम कार्यक्रम में 106 युवाओं को मिला रोजगार

**रीवा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के हितग्राहियों को हितलाभ देने तथा आपरेंटिसशिप मेले के आयोजन के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का जिला मुख्यालय में वृहद आयोजन किया गया। शासकीय आईटीआई परिसर में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 106 युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने जानकारी दी कि मेगा जॉब फेयर में 8 कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान किये गये। जिले में 129 युवा पंजीकृत हुए जिनमें से 106 युवाओं को चयनित किया गया। रोजगार मेले में पीजी टेक्नोप्लास्ट प्रा.लि. सूपा अहमद नगर महाराष्ट्र में 4, बैक्सी लिमिटेड विभाड़ी राजस्थान में 18, टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कंपनी गुजरात में 13, प्रतिभा सिन्टेक्स लि. पीथमपुर में 13, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा में 18, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा में 4, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे में 13 तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में 23 युवाओं का चयन किया गया।

# समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण न होने पर संबंधितों के विरूद्ध लगेगा अर्थदण्ड : कलेक्टर

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में तत्परता बरतें



**रीवा।** समय सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में तत्परता बरतें। किसी भी विभाग को सी या डी श्रेणी में नहीं रहना चाहिए समाधान ऑनलाइन के राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें।कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के तथ्यपरक जबाव न प्रस्तुत करने पर नाराजगी व्यक्त की तथा सीएमएचओ को निर्देशित किया कि संबंधित बीएमओ के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। कलेक्टर ने पीएचई विभाग की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ तत्काल निराकृत करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिये। उन्होंने राजस्व विभाग में हुजूर तहसील में लंबित शिकायतों पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा अभियान चलाकर इनके निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी तहसील ए श्रेणी से नीचे न रहे अन्यथा संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने पीडीएस अन्तर्गत उचित मूल्य दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के ईकेवायसी कराने के निर्देश दिये। समग्र धारकों का आधार लिंकिंग कार्य को गति देने के निर्देश कलेक्टर द्वारा बैठक में दिये गये। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों का शत प्रतिशत ईकेवायसी करायें। उन्होंने अनुभाग के एसडीएम को निर्देशित किया कि विषमता वाले परिवारों का सत्यापन कराने हेतु बैठक लेकर अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित करें तथा प्रति दिवस की प्रगति से अवगत करायें। बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर छाया, पानी सहित अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जिन कार्यों के टीएस एवं एएस शेष हैं उन्हें 25 मई तक अनिवार्यतः जारी करें। सीएम डैशबोर्ड की विभागवार प्रगति का निराकरण करें ताकि जिले की ग्रेडिंग में अपेक्षित सुधार रहे। कलेक्टर ने जनसुनवाई के प्रकरणों का निराकरण करने तथा ई आफिस के आनबोर्ड शेष विभागों को आनबोर्ड करने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, समस्त एसडीएम जनपद के सीईओ, तहसीलदार तथा विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नकाबपोश बदमाशों ने युवक पर की फायरिंग, हालत गंभीर



**रीवा।** शहर के समान थाना अंतर्गत बजरंग नगर में रविवार देर रात गोली चलने से सनसनी फैल गई। इस घटना में सत्यम तिवारी नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिले क्लास के लिए संजय गांधी अस्पताल में दाखिल कराया गया, बता दे गोली युवक की पीठ में लगी है, मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है,मिली जानकारी के अनुसार, सत्यम तिवारी अनंतपुर का रहने वाला है। उसके साथ मौजूद विनय कुमार दीपांकर ने बताया कि दोनों सिरमौर चौराहे से होकर बस स्टैंड गए थे और वहां से लौटते वक्त बजरंग नगर गेट के पास एक किराना दुकान पर रुके। वे दुकान से कुरकुरे और चॉकलेट खरीदकर जैसे ही बाइक पर बैठने वाले थे, तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और एक राउंड फायरिंग कर दी। गोली सीधे सत्यम की पीठ में लगी। घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। वही पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया घायल युवक सत्यम तिवारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम अस्पताल पहुंचकर घायल से पूरे घटनाक्रम के संबंध में जानकारी जुटाई है, पूरे मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी है। जांच के बाद ही आरोपियों के बारे में जानकारी मिल पाएगी।

# असामाजिक तत्वों ने बजरंगबली की मूर्ति को किया खंडित



### ग्रामीणों में आक्रोशपुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की कर रही तलाश

**रीवा।** जिले के तराई आंचल में स्थित त्योंथर तहसील में असमाजिक तत्वों द्वारा बजरंगबली की मूर्ति को खंडित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से इलाके के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है और उनके द्वारा सामाजिक तत्वों के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने फिलहाल मामले में एक ओर जहां असमाजिक तत्वों की तलाश शुरू कर दी है तो वहीं खंडित की गई मूर्ति को स्थानीय सरपंच द्वारा टमस नदी में प्रवाहित करा दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो घटना बीते चार दिन पुरानी है लेकिन अब तक असामाजिक तत्वों का कोई सुराग नहीं लगा है। दरअसल घटना सोहागी थाने के त्योंथर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटरा खुर्द की है। जानकारी के मुताबिक कोटरा खुर्द में स्थित बजरंगबली की मंदिर में असामाजिक तत्वों ने उत्पात मचाते हुए मूर्ति को ही खंडित कर दिया। घटना 17 अप्रैल को होना बताई जा रही है, जिसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सोहागी थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों का सुराग नहीं लगने से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है और वह आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# बाइक को टक्कर मार पलटी यात्री बस, तीन युवकों की मौतरीवा से सेमरिया जा रही थी बस, हरदुआ के समीप हुआ हादसा, बस में सवार पांच यात्री घायल





**रीवा**

जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत यात्रियों से भरी बस बाइक को टक्कर मार कर अनियंत्रित होकर पलट गई है। हादसे में बाइक सवार तीन युवकों के मौत हो गई, तो वही बस में सवार आधा दर्जन यात्री घायल हुए है। हादसा रीवा सेमरिया मार्ग स्थित ग्राम हरदुआ के समीप हुआ है। बता दे रविवार को बस रीवा से सवारी लेकर सेमरिया जा रही थी। शाम 4 बजे हरदुआ पहुंचने पर तेज रफ्तार बस के सामने अचानक बाइक सवार युवक आ गए, जिन्हें कुचलते हुए बस सडक किनारे एक दुकान के पास जाकर पलट गई। घटना से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक को घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी जबकि दो की सेमरिया सिविल अस्पताल में मौत हो गई। बस में सवार चार महिला और एक पुरुष यात्री भी घायल हो गए थे जिनका अस्पताल में इलाज कराया गया। हादसे में मृत तीनों युवक सेमरिया थाने के थनवरिया गांव के है जिनकी पहचान अमन कोल पिता शिवभरण कोल उम्र 27,लखन कोल पिता बाकूताल करेल उम्र 30 , लवकुश कोल के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी में रखवा दिया,घटनास्थल पर तत्काल पुलिस पहुंच गई जिसने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जांच के बाद ही वास्तविक कारण सामने आएंगे।बॉक्स घायलों को समय पर नहीं मिला इलाज बताया गया कि बाइक सवार गंभीर दो युवकों सहित अन्य बस सवार घायलों को संमरिया अस्पताल ले जाया गया, जहाँ अस्पताल में न तो कोई चिकित्सक मिला और न ही अन्य कर्मी। लोग डाक्टरों का इंतजार करते रहे, लेकिन डाक्टर कई घंटो में बाद पहुंचे। जिसके चलते घायलों को संजय गांधी अस्पताल रेफर करने की व्यवस्था बनाई गई लेकिन समय पर उपचार न मिलनेके चलते उन दोनों युवकों की मौत हो गई,परिवारजनों का रो-रोककर बुरा हाल है। मदद के लिये आगे आने वाले लोगों का कहना है कि सेमरिया अस्पताल में कोई भी डॉक्टर, कोई भी सुविधा उपलब्ध न होने की वजह से, घायलों को 45 मिनट तक किसी भी प्रकार का इलाज नहीं मिला, समय रहते अगर घायलों को इलाज मिल जाता तो, उनकी जान बचाई भी जा सकती थी। बॉक्स दुर्घटना में घायल युवक की मौत, परिजनों ने लगाया जामसेमरिया थाने के बीड़ा निवासी रविकरण (30) पिता छोटाई 16 अप्रैल को गांव में वाहन की टक्कर से घायल हो गया था। उसे परिजनों ने संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां शनिवार रात मौत हो गई। अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर पहुंचे परिजनों ने कुल्लू के समीप शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। वे आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सूचना पर पुलिस ने समझाइश देकर जाम खुलवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी।

# खड़ी फसल में लगी भीषण आग, समय रहते ग्रामीणों ने किया काबू



**रीवा।** खेत में कटाई के लिये इंतजार कर रही फसल आग की चपेट में इस कदर आयी कि पूरा गांव दहशत में आ गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर से जिला प्रशासन के साथ पुलिस अधिकारियों से सम्पर्क साधा लेकिन उनकी तरफ से कोई मदद नही मिल सकी। किसी तरह ग्रामीणों ने जुगाड़तंत्र के माध्यम से आग पर काबू पाया और लोगों राहत की सांस ली। अगर आग गांव में ही लगे गैस प्लांट तक पहुंचती तो गांव सहित क्षेत्र में तबाही का मंजर दिखायी देता? स्थानीय प्रशासन से मदद मांगने पर न तो टीआई की ओर से कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया मिली और न ही कलेक्टर का फोन रिसीव हुआ। ऐसे में प्रशासन की लापरवाही पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसी बीच जन प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने गंभीरता को समझते हुए अपनी टीम के साथ तत्काल राहत कार्य में जुट गए और आग पर काबू पाया। जिससे बड़ी जनहानि और संपत्ति का नुकसान टल गया। स्थानीय जनता ने इस घटना के बाद प्रशासन से त्वरित सहायता और जवाबदेही की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भविष्य में ऐसी कोई घटना हो तो समय पर राहत और बचाव कार्य के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

# निमंत्रण में ससुराल आए दामाद की नहर में मिली लाश



**ससुर ने अपने ही छोटे भाई पर लगाया हत्या का आरोप, समान थाना पुलिस कर रही जांच**

**रीवा।** शहर के समान थाना अंतर्गत निमंत्रण पर ससुराल आए दामाद की नहर में लाश मिलने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों की मुताबिक दामाद तकरीबन दो माह पूर्व 25 फरवरी को चाचा ससुर के घर में आयोजित भागवत कथा में शामिल होने आया था, तब से वह लापता चल रहा था, जिसके तकरीबन दो माह बाद बीती शाम लापता चल रहे दामाद का शव नहर में पाया गया है। दामाद की मौत पर ससुर ने अपने ही छोटे भाई यानी दामाद के चचेरे ससुर पर हत्या का संदेश जाहिर किया है,शव मिलने के बाद पुलिस द्वारा उसे कब्जे में लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया है,जहां पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने फिलहाल मार्ग कायम कर लिया है और पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके बाद ही मौत के सही कारण का पता लगाया जा सकेगा। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम बरसैता निवासी रामबकश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 फरवरी को उनके छोटे भाई समय लाल पटेल के रीवा शहर के रतहरा स्थित घर में भागवत पर कथा का आयोजन कराया गया था। बताया गया की उनके छोटे भाई ने यूपी के रेनूकोट में रहने वाले दामाद को भी निमंत्रण भेजा, जो 25 फरवरी को निमंत्रण में तो रीवा पहुंचा, लेकिन रीवा पहुंचने के बाद वह रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। ससुर रामबकश पटेल ने बताया कि शनिवार को शहर से सटे सोनौरा बेलहा गांव स्थित नहीं में एक लाश मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी, जहां मौके पर जाकर पाया गया की लाश लापता चल रहे दामाद अरविंद कुमार पटेल की है। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा भी शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया, जहां पहुंचे परिजनों ने अरविंद कुमार पटेल की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मृतक के ससुर रामबकस पटेल ने अपने ही भाई पर दामाद की हत्या करने का संदेश जाहिर किया है।वही व्यक्ति की मौत का कारण अब तक साफ नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हनुमना पुलिस ने कट्टा लहराने वाले युवक को किया गिरफ्तार



**मऊगंज**

थाना प्रभारी हनुमना निरीक्षक अनिल काकडे ने अपनी पुलिस टीम के साथ बड़कुड़ा बॉर्डर से कट्टा लहराते हुए युवक को गिरफ्तार किया है उल्लेखनीय है कि मुखबिर से सूचना मिली कि बड़कुड़ा बॉर्डर पर पल्लू यादव के ढाबा के पास एक युवक देसी तमंचा कट्टा लहराते आने जाने वाले लोगों को भयभीत कर परेशान कर रहा है सूचना पर थाना हनुमना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को देशी तमंचा कट्टा के साथ गिरफ्तार कर उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम मुकेश दुबे पिता महेंद्र दुबे निवासी दुगरहा विंध्याचल मिर्जापुर उत्तर प्रदेश का होना बताया जो अपराध धारा 25, 27 आम्स एक्ट का कायम कर न्यायालय में पेश किया गया जिसमें पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी तमंचा कट्टा में जिंदा कारतूस की कीमती 20,000 रुपए और एक मोटरसाइकिल होंडा साइन u. p.63, 4283 कीमत 50,000 रुपए बताई गई, गिरफ्तार युवक को न्यायालय मे पेश किया गया।

# मऊगंज में ब्राह्मण समाज की 23 अप्रैल को तपेश्वर धाम पर आयोजित होगी बैठक



### भगवान परशुराम जन्मोत्सव शौर्य यात्रा पर होगी चर्चा

**मऊगंज:** जिले में विगत वर्षों से आयोजित होने वाली भगवान परशुराम जन्मोत्सव शौर्य यात्रा का आयोजन आगामी 29 अप्रैल को मऊगंज की धारा पर होने वाला है आयोजन को भव्य बनाने हेतु ब्राह्मण समाज की आवश्यक बैठक का आयोजन 23 अप्रैल दिन बुधवार शाम 4:00 बजे से बायपास रोड शगुन मैरिज गार्डन के पास तपेश्वर धाम में रखा गया है जिसमें समाज के वरिष्ठ जन युवा साथीगण समाजसेवी शामिल होंगे। अखिल भारतीय विप्र परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आयोजक पंकज पांडे ने बताया की यात्रा की तैयारी को भव्य रूप देने के लिए बैठक का आयोजन किया जा रहा है यात्रा चौक मोड़ मऊगंज से प्रारंभ होगी यह यात्रा का तीसरा वर्ष है ।

# मऊगंज में आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के विरुद्ध की कार्यवाही





**मऊगंज।** आबकारी विभाग की टीम द्वारा मऊगंज में अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम-नाउनकला मे मनीष जायसवाल के रिहायशी मकान से 25 पाव देशी प्लेन मदिरा ग्राम-नाउनखुर्द मे अखिलेश बसोर के रिहायशी मकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन,अनीता बसोर के रिहायशी मकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन,मीना बसोर के रिहायशी मकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-खूंटा मे नीरज गुप्ता के रिहायशी मकान से 50पाव देशी प्लेन मदिरा,ग्राम-बरौही मे बंशगोपाल जायसवाल के रिहायशी मकान से 16पाव देशी प्लेन मदिरा,ग्राम-भभरटा मे कृपा संकर द्विवेदी के रिहायशी मकान से 12 पाव देशी प्लेन मदिरा,ग्राम-कोन मे राधा केवट के रिहायशी मकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन,सुनीता केवट के रिहायशी मकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर म॰प्र॰ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च) के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। आज की कार्यवाही में कुल 09 प्रकरणों मे 740 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 103पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत81725 रुपए /- है।सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन,निर्माण व विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।